# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 01.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कठेला समय माता द्वारा यूपी गैंगेस्टर एक्ट के आरोप में वांछित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डाँ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व सुजीत राय क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष थाना कठेलासमय माता शेषनाथ यादव के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 81/2025 अन्तर्गत धारा 2(ख) एक, 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को आज दिनांक 01.06.2025 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

01-गनेश पुत्र जमुना प्रसाद साकिन खरैली थाना त्रिलोकपुर जिला सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

01.शेषनाथ यादव थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी हरीकेश पासवान, राजेश यादव, नितीश यादव थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 01.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा शुबेंदु सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा राजेश कुमार गुप्ता थाना गोल्हौरा के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 13/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट तथा वाद संख्या- 66/2025 से सम्बन्धित वारण्टी को आज दिनांक 01.06.2025 को थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण--**

01.नसीम अहमद पुत्र सीवली हसन निवासी पिपरारजब थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**

01. उ0नि0 राधेश्याम यादव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
02. हे0का0 जयसिंह चौरसिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
03.आरक्षी मोहन गौड़ थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 01.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा नाबालिक के साथ के दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉं अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में आज दिनांक 01.06.2025 को थाना जोगिया उदयपुर से 01 नफर वान्छित अभियुक्त सम्बन्धित मु0अ0सं0 87/2025 धारा 137(2)/65(1) बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट को थानाक्षेत्र के ककरही-टडिया बाजार मार्ग से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

01.रामकरन पुत्र साधुसरन साकिन अजमागढ़ थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**अभियुक्त रामकरन पुत्र साधुसरन का आपराधिक इतिहास:-**

01-मु0अ0सं0 29/2025 धारा 137(2) बीएनएस थाना जोगिया उदयपुर ज़िला सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 संत प्रसाद यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी गामा यादव, फिरोज अंसारी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट- दिनांक 01.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) को सकुशल सम्पन्न कराने, शान्ति, सुरक्षा एवं कानुन व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपदीय पीस कमेंटी की मीटिंग का आयोजन किया गया।**

आज दिनांक 01.06.2025 को जनपद सिद्धार्थनगर में स्थित कलक्ट्रेट सभागार कक्ष में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व डॉ0 राजा गणपति आर. जिलाधिकारी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जनपदीय पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे के धर्म की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाड़नें की कोशिश करने वालों / असामाजिक तत्वों / किसी भी प्रकार की आपराधिक, अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें बल्कि अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें । साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ /गलत /अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें तथा ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी व्यक्ति / सम्प्रदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों।

मीटिंग के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक तथा उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्षगण सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

प्रेस नोट दिनांक 01.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आपरेशन कवच तहत थाना लोटन के चौकी हरिवंशपुर पर एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आज दिनांक 01.06.2025 को थाना लोटन के चौकी हरिवंशपुर पर एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर ऑपरेशन कवच के उद्देश्यो से अवगत कराया गया तथा किसी भी अवैध गतिविधियों इत्यादि के सम्बंध में तुरन्त सूचना देने हेतु बताया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष लोटन सहित एसएसबी व पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 01.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना लोटन पुलिस व एसएसबी के साथ थाना लोटन के चौकी हरिवंशपुर क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 01.06.2025 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आपरेशन कवच के तहत थाना लोटन पुलिस व एसएसबी के साथ थाना लोटन के चौकी हरिवंशपुर क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया और एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी।

प्रेस नोट- दिनांक 01.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में चेकिंग/पैदल गश्त कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 01.06.2025 को क्षेत्राधिकारी/ प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु रूट मार्च व चेकिंग किया गया तथा अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हॉट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।